ग्राम बाकनेर निवासी सरदार सिंह पुत्र घनश्याम हाल कार्यवाही भी की जायेगी।

# राजकीय पॉलिटेक्निक में माईसेम सीमेंट की तकनीकी कार्यशाला

## छात्र–छात्राओं व ठेकेदारों को मिला व्यावहारिक ज्ञान




**प्रावदा संवाददाता**

**मुरादाबाद।** राजकीय पॉलिटेक्निक में हैडलबर्ग सीमेंट इंडिया लिमिटेड माईसेम सीमेंट द्वारा एक तकनीकी कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के 60 छात्र–छात्राओं एवं मुरादाबाद शहर के 30 भवन ठेकेदारों ने भाग लिया। कार्यशाला में सीमेंट कंक्रीट तथा निर्माण स्थल पर उत्तम निर्माण प्रथाओं के विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर सुखविंदर सिंह ने प्रतिभागियों को इन विषयों पर महत्वपूर्ण तकनीकी जानकारियाँ एवं गहन दृष्टिकोण साझा किए। कार्यक्रम में हैडलबर्ग सीमेंट इंडिया लिमिटेड की ओर से अतुल वर्मा एवं फैय्याज कुरैशी उपस्थित रहे। कॉलेज की ओर से अरूण गंगवार दीपक भारद्वाज जय वार्ष्णेय कपिल कुमार संजय यादव तथा कॉलेज के प्राचार्य धीरेंद्र सिंह यादव ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को उद्योग से जुड़े व्यावहारिक ज्ञान एवं नवीनतम तकनीकों से अवगत होने का अवसर प्राप्त होता है, साथ ही स्थानीय ठेकेदारों को भी गुणवत्तापूर्ण निर्माण की दिशा में लाभदायक जानकारी मिलती है।


राजकीय पॉलीटेक्निक


पॉलीटेक्निक
mycem cement
अब सीलन से मुक्ति...
Power SHIELD
Trusted German Quality




राजकीय पॉलीटेक्निक
mycem cement
अब सीलन से मुक्ति...
Power SHIELD
Trusted German Quality
mycem cement
Power SHIELD